**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल से लागू होने वाले जी.एस.टी. सुधार से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। आज राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि नए जी.एस.टी. सुधार जी.एस.टी. बचत उत्सव की तरह है और इन सुधारों से 99 प्रतिशत चीज़ें अब 5 प्रतिशत टैक्स के दायरे में आ गई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी.एस.टी. सुधार भारत की ग्रोथ स्टोरी को तेज़ करने के साथ–साथ कारोबार को और आसान बनाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि सभी राज्यों के प्रयासों से देश दर्जनों तरह के टैक्स से मुक्त हो पाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को साथ लेकर ही आज़ाद भारत का इतना बड़ा टैक्स रिफॉर्म संभव हुआ है।

**जीएसटी**

वस्तु व सेवा कर यानि जी.एस.टी. की नई दरें कल 22 सितम्बर से लागू हो रही हैं। कंपनियों ने ग्राहकों को लाभ देने के लिए कई उत्पादों का दाम कम करने का सिलसिला जारी रखा है। कल से शुरू हो रहे त्योहार सीजन में इससे बाजारों में खासी रौनक रहने की संभावना है। इस बीच अमूल ने दूध समेत सात सौ उत्पादों के दाम कम कर दिए हैं। इनमें घी, मक्खन, आईसक्रीम, बेकरी और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

**जीएसटी हेल्पलाइन**

इस बीच उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जी.एस.टी. शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार संशोधित जी.एस.टी. दरों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की अपेक्षित पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। इस पहल से वस्तु और सेवा कर अनुपालन को मज़बूत करने और उपभोक्ताओं को निष्पक्ष बाज़ार प्रथाओं में सक्रिय हितधारक बनने के लिए सशक्त बनाकर एक सहभागी शासन मॉडल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर एक नौ एक पांच के माध्यम से 17 भाषाओं में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**मैराथन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने आज शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व पार्श्व गायक मोहित चौहान ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नशा तेजी से फैल रहा है ऐसे में नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नमो युवा रन सिर्फ एक दौड़ नहीं बल्कि युवाओं के उत्साह, देशभक्ति और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने की पहल है। नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत कुल्लू में भी मैराथन का आयोजन किया गया।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पालमपुर में आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से मज़बूत किया जा रहा है। धर्माणी ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में फार्मासिस्टों की भूमिका को भी अहम बताया।

**पर्यटन निगम**

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अभी तक भी अगस्त माह के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में निगम प्रबंधन के इस रवैये पर भारतीय मज़दूर संघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। निगम के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कर्मचारियों को जल्द ही वेतन जारी नहीं किया गया तो निगम प्रबंधन का घेराव किया जाएगा।

**नवरात्रे**

शारदीय नवरात्र कल से आरम्भ हो रहे हैं। नवरात्र के चलते प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में विशेष व्यवस्था की गई है। शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। शिमला में भी उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ज़िले के बड़े मंदिरों में व्यवस्था प्रबंधन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

..........................................